**जनपद चमोली में प्र0ग्रा0 सड़क योजना में देवाल से खेता मोटर मार्ग के कि0 मी0 10 से मोपाटा लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।**

1. ग्रामीण निर्माण विभाग, पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 प्रखण्ड–1,कर्णप्रयाग के अन्तर्गत 5.10 कि0मी0 लम्बाई में देवाल से खेता मोटर मार्ग से मोपाटा लिंक मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा सम्बंधित कनिष्ठ अभियन्ता एवं अन्य सर्वे स्टाफ के साथ निरीक्षण किया गया।

2. प्र0ग्रा0 सड़क योजना के अन्तर्गत देवाल से खेता मोटर मार्ग के कि0मी0 10 से मोपाटा लिंक मोटर मार्ग का 5.10 कि0मी0 लम्बाई में निर्माण का प्रस्ताव है। प्रस्तावित समरेखन अलग–अलग भाग में नापभूमि एव सिविल वन भूमि से होकर गुजरता है। इस भाग में मुख्यतः ग्राम मोपाटा लाभान्वित होगा। समरेखन आरम्भ में एक स्थानीय गधेरे को पार करता है, जिस पर सेतु के निर्माण की आवश्यकता होगी। समरेखन में कुल 07 हेयर पिन बैण्ड्स का प्रस्ताव है। कृषि भूमि में मुख्यतः मिट्टी–पत्थर युक्त मैटेरियल हैं, जबकि अन्यत्र कहीं–कहीं चट्टान तथा उसके ऊपर ओवरबर्डन मैटेरियल है। नापभूमि में पहाड़ी ढलान सामान्यतः $20^0$ से $35^0$ के मध्य है, जबकि अन्यत्र ढलान अधिक है।

3. समरेखन क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति, भू–आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुये निम्न सुझाव दिये जा रहे है, जिन्हें प्रस्तावित मार्ग निर्माण में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(i) यथासम्भव मार्ग की पूरी चौड़ाई कटान करके प्राप्त की जाये। यह भविष्य में मार्ग की स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

(ii) मार्ग के आरम्भ में टेक आफ प्वाइन्ट कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाया जाये।

(iii) यह सुनिश्चित किया जाये कि समरेखन में प्रस्तावित हेयर पिन बैण्ड कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाये जायें।

(iv) जिस भाग में पहाड़ के एक ही ढलान पर बैण्ड्स होने के कारण मार्ग की अनेक आर्म्स एक दूसरे के ऊपर हो जायेगी, ऐसे भाग में वर्षा काल में मार्ग पर विशेष अनुरक्षण कार्यो की आवश्यकता हो सकती है।

(v) समरेखन के समीप स्थित घरों से सुरक्षित दूरी रखते हुये बिना विस्फोटकों का प्रयोग किये मार्ग कटान किया जाये।

Scanned by CamScanner

(vi) जहाँ मार्ग कटान की ऊंचाई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, विशेष रूप से बैण्डस पर एवं आबादी वाले भाग में, मार्ग कटान के साथ–साथ समुचित ब्रेस्ट वाल का निर्माण कराया जाये।

(vii) जहाँ आवश्यक हो, मार्ग के ऊपर व नीचे पहाड़ी ढलान पर समुचित पौधो का रोपण किया जाये, जिससे ढलानो पर भूक्षरण की प्रक्रिया को नियन्त्रित रखा जा सके।

(viii) वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतु रोडसाईड ड्रेन, स्कपर एवं क्रास ड्रेनेज वर्क्स का प्रावधान किया जायें।

(ix) कटिंग के दौरान निकले हुये मैटेरियल को पूर्व निर्धारित **dumpyard** में डाला जाये। खड्ड साईड में फैकने से भूक्षरण की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

(x) उपरोक्त के अतिरिक्त पर्वतीय क्षेत्र में मार्ग निर्माण के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानको एवं विशिष्टियों का भी पालन किया जायें।

4 देवाल से खेता मोटर मार्ग से मोपाटा लिंक मोटर मार्ग हेतु 5.10 कि0 मी0 लम्बाई का प्रस्तावित समरेखन वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लियें उपयुक्त प्रतीत होता है। इस हेतु प्रस्तावित भूमि भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त है।

टिप्पणी:–

भूमि हस्तातरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये सर्वेक्षण विवरण के आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है। मार्ग कटान के पश्चात स्थिति में परिवर्तन भी सम्भव है।

H. Kumar 10.11.18

**(हर्ष कुमार)**
**वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0)**
**लोक निर्माण विभाग, देहरादून**

Scanned by CamScanner